# ओल्ड अशोका गार्डन का नाम होगा राम बाग

## नगर निगम परिषद की बैठक में रखा जाएगा नाम बदलने का प्रस्ताव

- हमीदिया अस्पताल, कॉलेज व स्कूल का नाम बदलने की मांग
- नगर निगम अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**भोपाल, 19 जुलाई. राजधानी भोपाल के ओल्ड अशोका गार्डन का नाम बदलकर राम बाग होगा. वहीं विवेकानंद पार्क के पास चौराहे का नाम विवेकानंद चौक किया जाएगा. यह दोनों प्रस्ताव नगर निगम परिषद की बैठक में रखे जाएंगे. इधर, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने भी हमीदिया अस्पताल, कॉलेज और स्कूल का नाम बदलने की मांग की है.**

नगर निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने कहा कि नवाब हमीदउल्ला के नाम से भोपाल में संचालित हमीदिया अस्पताल, कॉलेज और स्कूल का नाम बदलकर राष्ट्रभक्तों के नाम से किया जाए. निगम को सड़कों और चौराहों के नामकरण करने का अधिकार है. इसलिए सितंबर-23 में हमीदिया रोड का नाम बदलकर गुरुनानक मार्ग कर दिया गया है. चूंकि, स्कूल, कॉलेज और अस्पताल समेत अन्य संस्थाओं के नाम परिवर्तन करने का अधिकार भोपाल निगम को नहीं है. इसलिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इसके लिए पत्र लिखे गए हैं.

### 25 करोड़ रुपए से 6 विसर्जन कुंड बनेंगे

उल्लेखनीय है कि नगर निगम की बैठक 24 जुलाई को सुबह 11 बजे से आईएसबीटी स्थित निगम ऑफिस में होगी. इसका एजेंडा तय हो गया है. इसके अनुसार, बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी में 4.45 करोड़ रुपए से कुंड बनाया जाएगा. इसमें शेड, मॉनिटरिंग टॉवर, रिटेनिंग वॉल, पॉथ-वे, बाउंड्रीवॉल, हार्टिकल्चर ड्रेन कलवर्ट, इलेक्ट्रिफिकेशन एवं इंट्रेस गेट होंगे. इसी तरह नीलबड़ में 6.01 करोड़ रुपए, संजीव नगर में 4.77 करोड़ रुपए, मालीखेड़ा में 2.49 करोड़ रुपए और प्रेमपुरा में 7.34 करोड़ रुपए से कुंड बनाए जाएंगे.

### विवेकानंद पार्क का नाम भी बदला जाएगा

वार्ड-69 के पार्षद सूर्यकांत गुप्ता ने ओल्ड अशोका गार्डन का नाम बदले जाने का प्रस्ताव दिया है. 26 मई-24 को पुराना अशोका गार्डन सुधार समिति ने साधारण सभा के बाद ओल्ड अशोका गार्डन का नाम राम बाग करने का प्रस्ताव दिया था. 80 फीट रोड स्थित विवेकानंद पार्क, अशोका गार्डन के पास चौराहे का नाम विवेकानंद चौक करने का प्रस्ताव आएगा. यह प्रस्ताव भी पार्षद गुप्ता ने दिया था. चौराहे की पहचान के लिए रहवासी नवीन नामकरण की मांग कर रहे थे.

## सीएम ने बार्सिलोना में धरोहरों का किया भ्रमण

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पेन प्रवास के अंतिम दिन 19 जुलाई को बार्सिलोना में कला, संस्कृति और स्थापत्य की विश्वप्रसिद्ध धरोहरों का भ्रमण किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बार्सिलोना के तीन प्रमुख स्थलों पार्क गुएल, सागरदा फैमिलिया और पिकासो संग्रहालय का भ्रमण किया. उन्होंने इन स्थलों में दर्शायी गई रचनात्मकता, स्थापत्य सौंदर्य और सांस्कृतिक संरक्षण के उदाहरणों को मप्र के विकास संदर्भ में गहराई से देखा और समझा. भ्रमण की शुरुआत प्रसिद्ध पार्क गुएल से हुई. पाब्लो पिकासो की रचनाओं से समृद्ध यह संग्रहालय कला, नवाचार और अभिव्यक्ति का जीवंत उदाहरण है. रात्रि में मुख्यमंत्री बार्सिलोना से दुबई होते हुए दिल्ली के लिए रवाना होंगे.



# नीलकंठेश्वर मंदिर में किए भजन-कीर्तन

- बोर्ड ऑफिस स्थित मंदिर में हो रहे धार्मिक आयोजन
- सावन माह के अवसर पर महिलाओं ने गाए भजन

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 19 जुलाई. भोपाल इन दिनों सावन के पावन अवसर पर भक्ति के रंग में रंगा हुआ है. शहर के अनेक मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, जहां विशेष आयोजन किए जा रहे हैं. बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित श्री नील कंठेश्वर शिव शक्ति मंदिर में सावन माह के दौरान महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है.**

प्रत्येक सोमवार को मंदिर में विशेष पूजा, साधना और भजन होते हैं. सावन के पवित्र माह में बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर पहुंचकर भक्ति में लीन होती दिखाई दे रही हैं. मंदिर संचालक शीला देवी ने बताया कि यह भजन कार्यक्रम सावन माहभर प्रतिदिन चलता रहेगा, जिससे भक्तों को शिव की आराधना का अवसर मिल सके.

उन्होंने बताया कि इस मन्दिर में लोग बड़ी संख्या में पूजा अर्चना करने आते हैं, शनिवार के दिन विशेष रूप से भजन-कीर्तन आयोजित किया गया था, जिसमे पंद्रह से अधिक महिलाएं शामिल हुई और शिवशक्ति की भक्ति मे लीन होकर भजन-कीर्तन का खूब आनंद लिया. भजन का समय दोपहर 3 बजे से निर्धारित किया गया है.

# आयुष्मान कार्ड बनाने में बालाघाट प्रदेश में अव्वल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 जुलाई. आयुष्मान योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान पूरे देश में बीते 14 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है. इस अभियान में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में बालाघाट जिला 81 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है. बैतूल जिला 78 प्रतिशत के साथ दूसरे एवं अनुपपुर जिला 77 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है.**

बालाघाट जिले में 1 लाख 31 हजार 468 पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने है. 16 जुलाई तक जिले में 1 लाख 7 हजार 54 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाकर बालाघाट ने पहला स्थान पाया है. मप्र में 16 जुलाई तक 5 लाख 66 हजार 967 आयुष्मान कार्ड बनाये का लक्ष्य है. जिसमें से केवल बालाघाट जिले में 1 लाख 7 हजार 54 कार्ड बनाये गए है. इस प्रकार देखा जाए तो प्रदेश में बने हर पांच आयुष्मान कार्ड में एक कार्ड बालाघाट जिले का बना है. इस उपलब्धि को हासिल करने में स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का विशेष योगदान रहा है.

## आज 30 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल.** बिजली कंपनी मेंटनेंस के लिए रविवार को शहर के 30 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रखेगी. रविवार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक एमएलए क्वार्टर, जवाहर चौक, टीटी नगर, गंगोत्री भवन. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक इंद्रविहार बी-सी सेक्टर, पंचवटी. सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक निर्मला देवी गेट, आम्र विहार, अंबर कॉम्पलेक्स, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक इंद्रपुरी बी सेक्टर, सीपीआरआई कॉलोनी, डीके टावर, सौभाग्य नगर, बैंड मास्टर चौराहा. सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक सर्वधर्म ए सेक्टर एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी.

# किशोरियों को बांटे प्रोटीन के पैकेट

**भोपाल, 19 जुलाई. प्रताप वार्ड, गाँधी नगर में सेवा भारती एवं रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में मजदूर वर्ग के परिवारों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया. भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण, एवं दीप प्रज्वलन कर उद्घघाटन करते हुए सेवानिवृत्त जज शिवमंगल सिंह ( अध्यक्ष, महानगर ) ने उद्बोधन में कहा कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना जरूरी है.**

सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि शिविर में 118 मरीजों का स्वास्थ्य परिक्षण कर दवा वितरित की गईं एवं 52 किशोरियों को प्रोटीन पावडर के पैकेट और स्वच्छता किट भी रेडक्रॉस की ओर से दिए गए. इस शिविर में नेत्र रोग, दंत रोग, मौसमी रोग के मरीजों की संख्या अधिक रही. शिविर में डॉ. रूही, डॉ. सुचिता जैन, डॉ. रामअवतार यादव, डॉ सत्येंद्र बघेल, कुश श्रीवास्तव और शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थीं.




# रवींद्र भवन में सजी सुरों की महफिल



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 19 जुलाई. रविन्द्र भवन के अंजनी सभागार में शनिवार शाम को अनफ़ार्गेटेबल मेमोरीज गोल्डन एरा का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल समेत इंदौर के विख्यात कलाकारों ने अपने सुरों से श्रोताओं का मन मोह लिया. कार्यक्रम का आयोजन अवधेश दवे के द्वारा प्रेरणा और जियो से मिलकर किया गया.**

इंदौर की मशहूर संगीतकार रितिमा गुप्ता ने अपनी आवाज के जादू से भवन में बैठे सभी दर्शकों को संगीत की दुनिया में गुम कर दिया तो वहीं प्रज्ञा जोशी, हर्ष शर्मा और नैना जैन ने भी अपनी आवाज की जादूगरी से सभी को प्रभावित किया. इसके अलावा परमजीत सिंह, संदीप निगम, डॉ संजय कुमार और इंद्रपाल गुलाटी ने भी संगीत की भव्यता को गहरी और रूहानी आवाज के साथ सभी के बीच रखा. आयोजन के संचालक आशीष दवे ने बताया यह पूरा कार्यक्रम शहर के संगीतकारों को एक भव्य मंच देने और दर्शकों के बीच आत्मा का संगीत के साथ सुरीला संवाद स्थापित करना है. कार्यक्रम में कलाकारों ने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं.

## आज इन इलाकों में बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**बैरसिया, 19 जुलाई.** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जेई संघर्ष पाराशर के मुताबिक रविवार को बसई 33/11 केव्ही विद्युत सबस्टेशन पर आइसोलेटर, एबी स्विच का मेंटनेंस किया जाना है. इस कारण बसई सबस्टेशन से सभी 11 केव्ही फीडर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बंद रहेंगे. इससे आईटीआई, कालेज , सत्यार मंदिर, बसई, टीलापुरा, मिलक मोहल्ला, देवलखड़ा रोड ,साबलिया मंदिर इलाके की बिजली सप्लाई बंद रहेगी. इसमें कंपनी द्वारा आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है.

# राष्ट्र को केंद्र में रखकर लक्ष्य निर्धारित करें : शंकरानंद

## भारतीय शिक्षण मंडल का अनुभूति शिविर आयोजित

नवभारत रिपोर्टर

**दिल्ली/भोपाल, 19 जुलाई. भारतीय शिक्षण मंडल का 10 दिवसीय अनुभूति शिविर भीमताल उत्तराखंड में शनिवार को आयोजित हुआ. शिविर में मप्र सहित देशभर से 137 युवा प्रशिक्षुओं ने भाग लिया.**



शिविर के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि युवावस्था में हम जो तय करते हैं, वही हमारे संपूर्ण जीवन की आधारशिला होती है. आज युवा जो भी तय करेंगे, जिस ओर बढ़ेंगे वही भारत का भविष्य होगा. उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा का मुख्य उद्देश्य मनुष्य को संवेदनशील मनुष्य बनाना है साथ ही अपनी संस्कृति और ज्ञान परंपरा से ओत-प्रोत करना है. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी आर शंकरानन्द ने कहा कि विगत दस दिवस में हमारे और आपके मध्य 'मैं कौन हूं?, क्या हूं?, मेरा लक्ष्य क्या है?' जैसे प्रश्नों पर गंभीर संवाद हुए. आप अपने लक्ष्य का निर्धारण राष्ट्र को केंद्र में रखकर करेंगे. हमें यह बात हमेशा ध्यान रखनी चाहिए कि हमारा और राष्ट्र का स्वप्न एक हो, राष्ट्र के उत्तरोत्तर विकास में अपना तन-मन-धन समर्पित करना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए.

कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के निदेशक प्रो. अनिल कुमार नायर ने स्वामी विवेकानंद के महत्वपूर्ण विचार 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत' से युवाओं को लक्ष्य के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि इस दिशा में यह अनुभूति शिविर एक महत्वपूर्ण कदम है. अध्यक्षीय उद्बोधन में दिल्ली प्रांत अध्यक्ष, डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि अनुभूति शिविर के बाद आप अपने अंदर सकारात्मक बदलाव करेंगे.

# एक पेड़ माँ के नाम' मुक्तिधाम में रोपे पौधे

- शिक्षण संस्था, सामाजिक संगठन, छात्र छात्राओं और नागरिकों ने किया पौधारोपण



**भोपाल, 19 जुलाई. संत हिरदाराम नगर में पूज्य सिंधी पंचायत, दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल, यथाशक्ति मुक्तिधाम समिति के संयुक्त तत्वावधान में ''एक पेड़ माँ के नाम'' मुक्तिधाम में पौधे रोपे.**

इस अवसर पर संस्कार संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी, महासचिव नन्द दादलानी, उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं संस्कार विद्यालय के बच्चों के द्वारा पौधारोपण किया गया.

# कार्यशाला में बताया आनंदमय जीवन जीना

**भोपाल, 19 जुलाई. आनंद विभाग द्वारा तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण कार्यशाला का 16 से 18 जुलाई तक वाल्मी, भोपाल में आयोजन किया गया. प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने नकारात्मक विचार छोड़ने तथा व्यवहार से रिश्तों में सुधार करने का निर्णय लिया.**

प्रतिभागियों ने कहा कि सगे संबंधियों को भी इस कार्यशाला से जुड़ने का अवसर मिले जिससे कि उनके जीवन में आनंद का प्रसार हो.राज्य आनंद संस्थान द्वारा 'खाद्य, नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अधिकारियों के लिए कार्यक्रम में भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक रूप से अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया, जिससे वे जनसेवा के रूप में बेहतर योगदान दे सकें.

प्रशिक्षण में मानसिक स्वास्थ्य, कार्य में आनंद, सकारात्मक सोच तथा सामूहिक सहभागिता जैसे विषयों पर ध्यान दिया गया.

विभिन्न जिलों से 'खाद्य, नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कुल 56 अधिकारी/कर्मचारी इस कार्यशाला में शामिल हुए. सत्र संचालन में राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर गणेश कनाडे, संतोष तिवारी, मुक्ति राय, पुष्पेंद्र सिसोदिया, श्रद्धा ठाकुर तथा कार्यक्रम संयोजक के रूप में प्रदीप महतो उपस्थित रहे.

**बेचना है**

बेचना है शिवलोक फेस 4, खजूरीकलां रोड पिपलानी BHEL भोपाल में कबर्ड कैंपस 3000 वर्गफिट प्लॉट पर निर्मित एरिया 1500 वर्गफिट।
6232959973, 9425492837

**NAME CHANGE**

I Shivraj Singh S/o Rasal Singh Bhadauriya R/o House No-204 Topaz, Devalaya Pristine, Hoshangabad Road, Near Sagar Eden Garden, Bawadiya Kalan, Bhopal, Madhya Pradesh-462026, have changed my name to Shivraj Singh Bhadauriya for all future purposes.

संगोष्ठी | बाबूलाल गौर महाविद्यालय भेल में राज्य स्तरीय संगोष्ठी आयोजित

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक अभिनव पहल : अहिरवार

**भोपाल, 19 जुलाई. शासकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ, मध्यप्रदेश द्वारा बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अवसर एवं चुनौतियाँ विषय पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

संगोष्ठी का शुभारंभ बारेलाल अहिरवार, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के मुख्य आतिथ्य में एवं डॉ. दीपकराज तिवारी, कुलगुरु आर्यावर्त विश्वविद्यालय, डॉ. आर.एस. रघुवंशी, प्रांताध्यक्ष, शासकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ, मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में तथा डॉ. संजय जैन, प्राचार्य की उपस्थिति में हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिरवार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल है. डॉ. रघुवंशी ने संबोधित करते हुए बताया कि संघ की इस अभिनव पहल का परिणाम है कि वर्तमान संगोष्ठी में 50 शोधपत्र प्राप्त हुए तथा 250 सदस्यों द्वारा पंजीयन करवाया गया है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थी के समग्र विकास के लिए शिक्षकों को समर्पण भाव से काम करना होगा. डॉ. बद्रीलाल गुप्ता, प्राध्यापक मैनेजमेंट एआईटीटीआर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के जीवन का विकास करने में सहायक है.



प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. सुषमा दुराफे, डॉ. जागृति गुप्ता, डॉ. प्रियांशु गुप्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शोधपत्र प्रस्तुत किया. द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. साधना कुमारी, पूर्णिमा अहिरवार, डॉ. लालचंद राजपूत, डॉ. बी.के. चौरसिया, डॉ. अलका प्रधान आदि ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये. समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. गीता मोदी, प्राचार्य, मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल ने सभी को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए कहा कि इस आयोजन का उच्चशिक्षा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा.

**भारतीय स्टेट बैंक**
होम लोन सेंटर भोपाल-1 (सार्क विंग) | एच. एल. सी.-1, द्वितीय तल, वाणिज्यिक शाखा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) फोन नं. 0755-2575163,2575170, E-mail : sbi.04484@sbi.co.in

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) [13(4)]**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन के प्रतिभूति-हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम (3) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित ऋणी एवं जमानतदारों को मांग सूचना निम्नलिखित दिनांक के अनुसार जारी किया। इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने केलिये कहा गया था। ऋणी/जमानतदारों द्वारा उक्त राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी/जमानतदारों को और आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम (8) के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित सम्पति को उनके सामने दर्शाये गये दिनांक को कब्जे में लिया है। ऋणी/जमानतदारों को विशेष रूप से आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई व्यवहार नहीं करें और इस सम्पत्ति के बाबत् किए गये कोई भी व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेंटर भोपाल-1 (सार्क विंग), अरेरा हिल्स, भोपाल** को देय ब्याज एवं खर्चो के अध्यधीन प्रभार (Charge) होगा। इस बावत, ऋणी/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (Redeem करने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| बकायादार का नाम | 60 दिवस मांग सूचना दिनांक | नोटिस राशि रू. | बंधक सम्पत्ति का विवरण एवं भवन/प्लॉट की सीमाएँ/स्थिति |
|---|---|---|---|
| **श्री रितेश मेंघानी पुत्र श्री एस.एल. मेंघानी श्रीमती आशा मेंघानी पत्नि श्री एस.एल. मेंघानी** सीआईएफ पता: 91 बी, जोन-2, एमपी नगर, भोपाल। निवास बी 36 एमपीएसआरटीसी जवाहर चौक, भोपाल। प्रापर्टी पता: फ्लेट नं. बी/36, तृतीय तल, ब्लाक बी, प्रगति परिसर, एमपीएसआरटीसी काम्लेक्स, न्यू एमएलए कॉलोनी, भोपाल। | 08/05/2025 **कब्जा दिनांक** 14/07/2025 | राशि रू. 7,59,405.00 + देय ब्याज व अन्य खर्च | फ्लेट नं. बी/36, तृतीय तल, ब्लाक बी, प्रगति परिसर, एमपीएसआरटीसी काम्लेक्स, न्यू एमएलए कॉलोनी, भोपाल, **क्षेत्रफल:** 71.37 वर्ग मीटर, **सीमाएं-** पूर्व: पार्किंग क्षेत्र, पश्चिम: रोड, उत्तर: फ्लेट नं. बी/37, दक्षिण: फ्लेट नं. बी/35, **संपत्ति मालिक:** श्री रितेश मेंघानी पुत्र श्री एस.एल. मेंघानी एवं श्रीमती आशा मेंघानी पत्नि श्री एस.एल. मेंघानी। |
| **श्री हरिश चंद नगरानी पुत्र श्री डेटा राम नागरानी और श्रीमती मीना नागरानी पत्नि श्री हरिश चंद नगरानी** 1. फ्लैट नं. एसएफ-8, भव्य सिटी, औबेदुल्लागंज, जिला रायसेन (म.प्र.) 2. अमृता बूट हाउस, मेन रोड, औबेदुल्लागंज | 16/05/2024 **कब्जा दिनांक** 19/07/2025 | राशि रू. 3,28,429.00 + देय ब्याज व अन्य खर्च | फ्लैट नं. एसएफ-8, भव्य सिटी, फेस-2, ग्राम संराकिया, मण्डीदीप, गौहरगंज, रायसेन (म.प्र.), **क्षेत्रफल:** 474 वर्गफीट, **सीमाएं-** पूर्व: अन्य की भूमि, पश्चिम: कॉलोनी का रोड, उत्तर: कॉलोनी बाउन्डरी वाल, दक्षिण: कॉरीडोर, **संपत्ति मालिक:** श्री हरिश चंद नागरानी पुत्र श्री डेटा राम नागरानी एवं श्रीमती मीना नागरानी पत्नि श्री हरिश चंद नागरानी। |

दिनांक : 19.07.2025 — **प्राधिकृत अधिकारी**

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**GTV ENGINEERING LIMITED**
CIN: L31102MP1990PLC006122,
Regd.Off: 216-217-218, New Industrial Area-II, Mandideep 462046 (Bhopal)
Telephone: 0091-7480-233309, 401044, Fax: 0091-7480-233068
Email-mail@gtv.co.in, Website- www.gtv.co.in

**NOTICE OF RECORD DATE**

Notice is hereby given that the Company has fixed Monday, 28th July, 2025 as the "Record Date" for the following purposes –

1. **Sub-division / split of each Equity Share:** Sub-division of each Equity Share of face value of Rs 10/- (Rupees Ten only) each fully paid-up into 5 (Five) Equity Shares of face value of Rs 2/- (Rupees Two only) each, fully paid-up.
2. **Issue of Bonus Shares:** Issue of Bonus Shares in the ratio of 2:1 i.e. 2 (Two) new fully paid-up Equity Share of Rs. 2/- (Rupees Two only) each for every 1 (one) existing fully paid-up Equity Share of Rs. 2/- (Rupees Two only) each.

The Bonus shares shall be allotted to the members of the Company whose name appear in the Register of members/Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the Record Date and shall rank pari-passu in all respects with the existing fully paid-up equity shares of the Company.

Pursuant to the provisions of the SEBI (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018, the Bonus Shares shall be allotted in dematerialised form only. In respect of those shareholders who hold shares in physical form and have not furnished their demat account details to the Company or its Registrar and Share Transfer Agent (RTA), the Bonus Shares will be credited to a demat suspense account to be maintained by the Company, until the concerned shareholders provide the requisite demat account details.

Date: 17/07/2025
Place: Mandideep

For GTV Engineering Limited
Sd/-
Ankit Rohit
Company Secretary and Compliance Officer